आईआईएम, रांची का मैनेजमेंट, स्पोर्ट्‌स व कल्चरल फेस्ट 'एगॉन रश' वर्चुअल मोड पर शुरू

पहले दिन क्रैक द केस, प्लूटस, क्विज, मैन्यूवर में दिखा छात्रों का नॉलेज पावर

AGON RUSH-2021

सिटी रिपोर्टर . रांची

आईआईएम, रांची का तीन दिवसीय एनुअल मैनेजमेंट, स्पोर्ट्‌स व कल्चरल फेस्ट 'एगॉन रश 2021' शुक्रवार से वर्चुअल मोड पर शुरू हुआ। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच मनोरंजक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें देश भर के विभिन्न स्कूलों और आईआईटी के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस बार फेस्ट की थीम डायवर्जेंस है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह ने कहा कि इस आयोजन में कोई विजेता या हारने वाला नहीं है। सभी छात्र उत्साह और टीम भावना के साथ भाग लें, लोगों से जुड़ें और अपना हुनर दिखाएं। प्रो. नितिन सिंह ने फेस्ट की खासियत के बारे में कहा कि आईआईएम रांची की दो प्रमुख इवेंट एगॉन और रश को मिला दिया गया है। वहीं वॉकथॉन इवेंट में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर, डायवर्सिटी एंड इंक्लूजन, केपीएमजी जैनब पटेल मौजूद थे। पहले दिन सिस्टमेटिक एंटरप्रेन्योरशिप, प्लूटस, मैन्यूवर, क्रैक द केस, क्विज जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। यह फेस्ट 7 फरवरी तक चलेगा।

आईआईएम निदेशक बोले-हुनर दिखाने का यह बेहतर मंच

'एगॉन रश' में ऑनलाइन जुड़े देशभर के आईआईएम-आईआईटी के छात्र।

क्रैक द केस : क्रैक द केस इवेंट में 8 टीमें थीं। पहले राउंड में क्विज हुआ। वहीं दूसरे राउंड में प्रतिभागियों को एक ऐसी कंपनी का केस दिया गया, जो सामानों की डिलेवरी करती है। सामान पहुंचाने के दौरान क्या-क्या करना चाहिए कि खर्च में कमी आए। इसमें प्रतिभागियों ने केस प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया।

मैन्यूवर 6.0 में बेहतरीन प्रोफाइल बनाने के लिए लगाई गई बोली

'मैन्यूवर 6.0' में एचआर एक्जिक्यूटिव्स, ऑपरेशंस मैनेजर्स, बिजनेस एक्जीक्यूटिव्स और अन्य लोगों की बेहतरीन प्रोफाइल बनाने के लिए बोली लगाई गई। फिर चयनित टीमों को अपनी पसंद की प्रोफाइल और अपनी चुनी हुई टीम के लिए बोली लगाने के पीछे की रणनीति को सही ठहराने के लिए कहा गया।

प्लूटस में बैलेंसशीट, स्टॉक के जरिए अपनी कंपनी का मूल्यांकन किया

प्लूटस नामक इवेंट में क्विज के बाद सात टीमों का चयन किया गया। अगले राउंड में इन टीमों को एक-एक कंपनी दी गई, जिन्हें प्रतियोगिता के जज के सामने उस कंपनी का महत्व बताना था। इसमें प्रतिभागियों ने कंपनी, इंडस्ट्री, बैलेंसशीट, स्टॉक आदि के माध्यम से अपनी-अपनी कंपनी का मूल्यांकन किया।

आज की प्रतियोगिताएं : आज कई रोचक प्रतियोगिताएं होंगी, जिसमें इनकेस, वोरस्टैंड, मार्केस, सामर्थ, चेस, विश्लेषण, कैरम, क्रिकेट मंडी, ड्रामा, समाधान, चेन रिएक्सन, बीज सिम, मार्केटस आदि शामिल हैं।

Dainik Bhaskar, 06.02.2021, Pg. 05